हौं तुम्हरो एक दास गुसाईं	*hauṁ tumharo eka dāsa gusāīṁ*
कृपा करो हनुमान ॥	*kṛpā karo hanumāna.*
सिद्धबाड़ी की तपोभूमि में	*siddhabāṛī kī tapobhūmi meṁ*
आप बिराजे वीरासन में ।	*āpa birāje vīrāsana meṁ,*
सबमें जगाते भावभक्ति के	*sabameṁ jagāte bhāvabhakti ke*
अगणित गुण के निधान ॥१॥	*agaṇita guṇa ke nidhāna. (1)*
रामप्राण सेवा हि जीवन	*rāmaprāṇa sevā hi jīvana*
दुष्टविमर्दन साधुसंरक्षणक ।	*duṣṭavimardana sādhusaṁrakṣaṇaka,*
सबके करें शक्ति का प्रगटन	*sabake kareṁ śakti kā pragaṭana*
अतुलित बल के निधान ॥२॥	*atulita bala ke nidhāna. (2)*
आराधन नित वन्दन कीर्तन	*ārādhana nita vandana kīrtana*
और करूँ मैं नम्रनिवेदन ।	*aura karūṁ maiṁ namranivedana,*
जीवन हो हम सब का पावन	*jīvana ho hama saba kā pāvana*
दिव्य हो आप समान ॥३॥	*divya ho āpa samāna. (3)*